हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
16 मई 2024, समय 1810

- केंद्र सरकार ने आम इस्तेमाल होने वाली 41 दवाओं की कीमतों में कटौती की।
- हरियाणा में मतदाताओं को प्रलोभन से बचाने के लिए निर्वाचन आयोग सख्त।
- अब तक साढ़े 11 करोड़ रूपये की नकदी और करीब 45 करोड़ रूपये की अवैध शराब एवं मादक पदार्थ जब्त किए गए।
- हरियाणा में चुनाव प्रचार जोरों पर, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों द्वारा चुनावी सभायें की गई।
- हरियाणा में गर्भवती महिलाओं के सहायकों को शिक्षित करने में जींद जिला प्रथम स्थान नर पहुंचा।
- मौसम विभाग ने हरियाणा में 19 मई तक भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना जताई।

..............................................................................................

केंद्र सरकार ने आम इस्तेमाल होने वाली 41 दवाओं की कीमतों में कटौती की है। इनमें मधुमेह, हृदय और लीवर की बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल हैं।

राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की बैठक में यह निर्णय लिया गया। आवश्यक दवाओं को सुलभ बनाने के लिए यह निर्णय किया गया है। फार्मा कंपनियों को विभिन्न दवाओं की कम कीमत की जानकारी तत्काल प्रभाव से खुदरा और थोक विक्रेताओं को देने के निर्देश दिए गए है।

..............................................................................................

हरियाणा में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचाने के लिए पूरी चौकसी बरती जा रही है।

राज्य में विभिन्न एजेंसियों द्वारा अवैध शराब मादक पदार्थ व नकद राशि के आने और विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में ले जाने वालों पर कड़ी नज़र रखी जा रही है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि इन्हीं प्रयासों के चलते हरियाणा मे 11 करोड़ 50 लाख रूपये की नकद राशि जब्त की गई है और इसके अलावा 44 करोड़ 69 लाख रूपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ व कीमती वस्तुयें भी जब्त की गई है।

मुख्य निर्वाचन कार्यालय के राज्य स्तर मीडिया नोडल अधिकारी कैप्टन मनीष कुमार लोहान ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया:-

बाईट- कैप्टन मनीष कुमार लोहान-37 सैं

प्रदेश में अब तक कुल 63 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ बरामद किये गए हैं।

..............................................................................................

हरियाणा में चुनाव प्रचार जोरों पर है और इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है।

करनाल में कांग्रेस प्रत्याशी त्रिलोचन सिंह के लिए चुनाव प्रचार कर रहे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने हरियाणा सरकार के अल्पमत में होने का मुद्दा उठाया और कांग्रेस में फूट के सवाल पर कहा कि उनकी पार्टी एकजुट है।

भिवानी महेंद्रगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह ने भिवानी शहर में प्रचार किया और मौजूदा सरकार राजनीति से प्ररित होकर उनके बेटे पर करोड़ों रूपये के लेन देन का मामला चलाने का आरोप लगाया।

..................................................................................................

केंद्रीय राज्य मंत्री एवं फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने गांव बामनी खेड़ा में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया।

इस अवसर पर पूर्व सैनिकों द्वारा उन्हें समर्थन देने का ऐलान किया गया। श्री गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस ने सैनिकों का मनोबल गिराने का काम किया है, जबकि श्री नरेंद्र मोदी ने सेना को मजबूत किया है।

वित्त मंत्री जे.पी. दलाल ने भिवानी के लोहारू हलके के कई गांवों में लोगों को संबोधित किया। लोगों के बीच ट्रैक्टर पर पहुंचे श्री दलाल ने बीजेपी प्रत्याशी धर्मबीर सिंह को वोट देने कर अपील की।

उधर, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल के आर्य समाज मंदिर में हवन यज्ञ के साथ अपने चुनावी अभियान को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में करनाल से बीजेपी प्रत्याशी मनोहर लाल भी मौजूद रहे।

मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस में फूट, आम आदमी पार्टी की नेता स्वाती मालीवाल के साथ हुई घटना व परिवारवाद के मुद्दे पर इंडी गठबंधन को घेरा।

..................................................................................................

हरियाणा में गर्भवती महिलाओं और उनकी देखभाल करने वाले सहायकों को शिक्षित करने में जींद जिला 10 वें स्थान से प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। इस अभियान के तहत बेहतर कार्य करने वाली सभी स्टाफ नर्स को आज सम्मानित किया गया।

अभियान के राज्य प्रबंधक डॉक्टर अभिषेक जैन ने आज जींद में मीडिया से रूबरू होते हुए यह जानकारी दी।

..................................................................................................

मौसम विभाग द्वारा पंजाब और हरियाणा के कई इलाकों के लिए कल के लिए यैलो अलर्ट और 18 मई के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

विभाग ने आज 19 मई तक इन क्षेत्रों में भीषण गर्मी के साथ लू चलने की संभावना जताई है और कहा है कि हरियाणा में आगामी 4 दिनों के दौरान तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है, जिससे सभी जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस चला गया है।

मौसम विभाग ने कल से 20 मई तक तेज़ गति से हवायें चलने की संभावना भी जताई है।

मौसम वैज्ञानिक अजय कुमार सिंह ने बताया कि पंजाब के दक्षिण पश्चिम जिलों जैसे बंठिडा आदि और हरियाणा के गुरूग्राम व हिसार आदि में भीषण गर्मी हो सकती है। उन्होंने कहा कि आगामी 5-7 दिनों में बारिश होने की कोई संभावना नहीं है।

.................................................................................................

भिवानी के उपायुक्त नरेश नरवाल ने गर्मी और लू को देखते हुए जिलावासियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिसमें जरूरी कार्य सुबह और शाम को करने तथा दोपहर को बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलने और बुज़ुर्गों, पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों व शिशुओं का विशेष ध्यान रखने को कहा है। इसके ईलावा हल्के रंग के हल्के सूती कपड़े पहनने, धूप में बाहर निकलते समय सिर ढकने एवं बार-बार पानी पीने की सलाह दी गई है। उपायुक्त ने लोगों के साथ-साथ पशु-पक्षियों का भी विशेष ध्यान रखने को कहा है।

.................................................................................................

लोकसभा चुनाव को लेकर पलवल पुलिस पूरी तरह से चौकस है।
पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अंशु सिंगला ने कहा कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र जहां भी संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं, वहां पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिला पुलिस के खुफिया विभाग द्वारा संदिग्ध किस्म के लोगों पर तथा सोशल मीडिया पर पैनी नज़र रखी जा रही है।
उन्होंने बताया कि कल जिला पुलिस बल के साथ गांव मीसा, रसूलपुर, रहीमपुर, किठवाड़ी, सूजवाड़ी, घोड़ी, अमरपुर व अलावलपुर में फ्लैग मार्च भी निकाला गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फ्लैग मार्च लोगों में सुरक्षा के प्रति विश्वास पैदा करने के लिए निकाला गया ताकि मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

.................................................................................................

अंबाला की जिला मैजिस्ट्रेट डॉ. शालीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 18 मई को अंबाला शहर में आगमन को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से धारा 144 लगाने के आदेश जारी किए गये हैं। जारी आदेशों के अनुसार 18 मई को पूरे जिले को नो फ्लाइंग जोन एरिया व रेड जोन घोषित किया गया है जिसके तहत किसी भी प्रकार के मानव रहित हवाई वाहन, ड्रोन इत्यादि को उड़ाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। डॉ शालीन ने कहा कि जिले को ड्रोन नियम, 2021 के तहत अस्थाई रेड जोन घोषित किया गया है। आदेशों की अवहेलना करने पर आरोपी के खिलाफ धारा 188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

........................................................................................